समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# वर्क इन प्रोग्रेस... हमले मे खंडहर हुए रहीम यार खान एयरबेस के ईंट और रोड़े बीन रहा पाकिस्तान, बंद हुईं उड़ाने।

Publisher Published on 12 May 2025




## ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की जवाबी कार्रवाई मे पांकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकाने तो ध्वस्त हुए ही साथ मे उंसे एयरबेस और एयर डिफेसं सिस्टम भी तबाह हो गया.

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और इसके तहत पाकिस्तान को भारतीय सेना ने वो मार मारी है, जिसके निशान वो छिपाने की कोशिश तो बहुत कर रहा है लेकिन छिपा नहीं पा रहा. भारत के जवाबी हमले में खंडहर हो चुके रहीम यार खान एयरबेस अब काम नहीं कर पा रहा है और मरम्मत का काम चल रहा है.

इडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आने वाले इस एयरबेस के इस इकलौते रनवे को एक सप्ताह के लिए बंद करने की घोषणा कर दी गई है. पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (पीसीएए) की ओर से जारी किए नोटिस टू एयरमेन में इसकी घोषणा की गई. NOTAM शनिवार (10 मई, 2025) को पाकिस्तानी समय के मुताबिक शाम 4 बजे से प्रभावी हो गया और 18 मई तक ये जारी रहेगा.

वर्क इन प्रोग्रेस...

NOTAM में कहा गया, रनवे बंद करने की वजह वर्क इन प्रोग्रेस है, लेकिन पाकिस्तान ने चाल चलते हुए ये नहीं बताया कि ये किन वजहों से बंद किया गया है. बस इतना कहा कि यह उड़ान संचालन के लिए उपलब्ध नहीं होगा. यही कारण है कि नूर खान एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले की पुष्टि भी करता है. क्योंकि पंजाब प्रांत के इस महत्वपूर्ण एयरबेस को अस्थाई रूप से बंद कर

दिया. इसके बंद करने का ऐलान भी तब किया गया जब भारत ने नूर खान एयरबेस पर जवाबी हमला किया.

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना ने पुष्टि की कि रहीम यार खान वायु सेना अड्डे के रनवे पर जवाबी हमला हुआ और वह तहस-नहस हो चुका है. भारतीय सेना ने इसका वीडियो भी दिखाया. रहीम यार खान एयरबेस में शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी है.

भारतीय सेना ने ध्वस्त किए कई पाकिस्तानी एयरबेस

यह एयरबेस उन कई पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों में से एक था, जिन्हें भारत ने चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान निशाना बनाया था. यह एयरबेस उन छह पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों में से एक था, जिन्हें शनिवार को भारत ने लड़ाकू विमानों से निशाना बनाया था. राफिकी, मुरीद, चकलाला, सुक्कुर और जूनिया जैसे एयरबेस भी इसमें शामिल थे. भारत की प्रतिक्रिया पाकिस्तान की बढ़ती और उकसाने वाली कार्रवाइयों के बाद आई, जिसमें उसने कई जगहों पर हवाई घुसपैठ की कोशिश की और भारतीय सेना ने विफल कर दिया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.